सर्वप्रथम मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ कि इस विषय में उन्होंने माननीय प्रधान मंत्री जी की भावना को समझा है। बहुत गम्भीरतापूर्वक कार्य करते हुए इस बिल को राज्य सभा ने भी एकमत होकर पास किया है। आज यह देश हित का पुण्य कार्य लोक सभा में भी हो रहा है। दिव्यांगों की संख्या देश में लगभग 7 से 10 करोड़ है और उन दिव्यांगों के हित में यह बिल आज लोक सभा में पेश किया जा रहा है।

महोदया, इस बिल में जो बातें आई हैं, चाहे वह आरक्षण की बात हो या अन्य कोई बात हो, सभी अच्छी हैं। सर्वप्रथम मैं बताना चाहूँगा कि दिव्यांग जब अपनी किसी कमी की वजह से पैदा होता है, उसमें कोई शारीरिक कमी होती है, कोई मानसिक या बौद्धिक कमी होती है, जब वह पैदा होता है तो बचपन से ही उसके सामने समस्याएं और संकट आने लगते हैं। घर में अन्य बच्चे उसके साथ खेलने से मना कर देते हैं। जब वह स्कूल जाता है तो हो सकता है कि कुछ टीचर्स भेदभाव की भावना से उसको एडमिशन देने से भी मना करने की कोशिश करते होंगे। ऐसी अनेकों प्रकार की समस्याएं होती हैं। विशेषतौर से जिन बौद्धिक रूप से विकलांग बच्चों को मैंने देखा है, उनकी संस्थाओं में मैं गया हूँ, लोग उनसे घृणा करते हैं, उनको अवसर नहीं देते हैं। वे भी हमारे समान लोग हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने उनकी पीड़ा को समझकर इस बिल को आगे बढ़ाया है तो मैं सोचता हूँ कि यह बिल आने वाले समय में इस सरकार की संवेदनशीलता को, दिव्यांगों के प्रति आत्मसम्मान को बढ़ाने के कदम के रूप में सरकार का बहुत बड़ा बिल साबित होगा। इस बिल के अन्दर बहुत अच्छा काम किया गया है कि किस प्रकार से एक दिव्यांग व्यक्ति को समाज में

समानता से जीने का अधिकार है। उसके समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए इस बिल में पूरे प्रावधान किये गये हैं। समाज के अन्य व्यक्तियों के समान उसको अधिकार दिये गये हैं। सरकार के इस कानून के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि दिव्यांग व्यक्ति के अधिकारों में किसी भी प्रकार का हनन कोई व्यक्ति या कोई संस्था न कर पाये।

जहाँ तक शिक्षा की बात है तो मैं सोचता हूँ कि बहुत बड़ा काम इस बिल के अन्दर शिक्षा के लिए किया गया है। जो दिव्यांगों के लिए तीन प्रतिशत आरक्षण था, इस बिल के माध्यम से मंत्री महोदय जी ने उसको चार प्रतिशत किया है। शिक्षण संस्थाओं को, चाहे वे किसी भी प्रकार की सरकारी शिक्षण संस्था हो, चाहे वे प्राइवेट शिक्षण संस्था हो, प्रत्येक शिक्षण संस्था में इन दिव्यांग व्यक्तियों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान उन्होंने किया है। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ कि उनकी पीड़ा को समझकर उन्होंने इस दिशा में कार्य किया है।

महोदया, दिव्यांग व्यक्ति के मन में होता है कि मैं भी देश के लोकतंत्र में अपना योगदान दूँ, लेकिन जब वह मतदान करने जाता है तो वहाँ भी शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक दिक्कतें उसके सामने आती हैं। लोकतन्त्र में उनकी हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के लिए भी इस बिल में प्रावधान किये गये हैं, ताकि दिव्यांग व्यक्ति अपने मतदान के अधिकार का पूरा उपयोग कर सकें। इसी प्रकार अगर दिव्यांग व्यक्ति को उसकी विधिक हैसियत में दिक्कत आती है, पहले ऐसा होता था कि जब परिवार में एक व्यक्ति दिव्यांग होता था, मानसिक रूप से भी दिव्यांग होता था या शारीरिक रूप से दिव्यांग होता था तो अगर एक घर में पाँच भाई हैं तो उस दिव्यांग व्यक्ति के साथ हमेशा भेदभाव होता था। जो शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होते थे, उन्हें उनके अधिकार मिल जाते थे, लेकिन दिव्यांग व्यक्ति, जो प्रकृति का मारा हुआ था, उसे उसके अधिकारों से वंचित कर दिया जाता था। इस बिल में उसकी जो कानूनी हैसियत है, उस कानूनी हैसियत को सुनिश्चित करने के लिए, उसकी सुरक्षा करने के लिए समुचित प्रयास किया गया है। दिव्यांग व्यक्ति को, जो प्रकृति की मार से परेशान है, उसको हक दिलाने का काम इस मोदी सरकार ने किया है। मैं समझता हूँ कि इससे बड़ी संवेदनशील सरकार आज तक नहीं आई है, आज तक हिन्दुस्तान के अन्दर किसी सरकार ने इतनी गहराई तक जाकर उस दिव्यांग व्यक्ति की पीड़ा को दूर करने का काम नहीं किया होगा।

महोदया, व्यक्ति शिक्षा से लेकर अपने रोजगार तक की पूरी कल्पना करता है और मैं सोचता हूँ कि इस बिल में शुरू से लेकर, उसके जन्म से लेकर उसके रोजगार तक के पूरे प्रावधान किये गये हैं, चाहे भारत सरकार के कौशल विकास के काम हों। उसमें दिव्यांगों को किस प्रकार से अच्छी से अच्छी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके, उसमें क्या टैलेन्ट है, उसकी क्या योग्यता है, उस योग्यता को किस प्रकार

से सरकार के सहयोग से बढ़ाया जा सके, ताकि वह व्यक्ति आत्मनिर्भर हो सके और स्वाभिमान से जी सके।

जहाँ तक सामाजिक सुरक्षा की बात है, स्वास्थ्य की बात है, पुनर्वास की बात है, आने-जाने की बात है, सरकार ने समाजहित में चाहे कोई भी सरकारी बिल्डिंग हो, रेलवे स्टेशन हो, बस स्टेशन हो, सरकारी कार्यालय हो या न्यायालय हो, कहीं भी आने-जाने के लिए उनको सारी सुविधाएँ हों, कोई कमी नहीं हो, उनकी शिक्षा में कोई विशेष सहयोग की आवश्यकता पड़े, उसके लिए भी सहयोग देने की इन्होंने पूरी कोशिश की है।

इसी प्रकार से पहले दिव्यांगों को सर्टिफिकेट लेने में बहुत तकलीफ होती थी। उस चीज़ को भी सरकार ने इस बिल में तय किया है। इसको जिला स्तर पर ले जाने के लिए, चाहे राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड हों या जिला स्तरीय सलाहकार बोर्ड हों, राष्ट्रीय आयोग बनाकर बिल में जो माननीय मंत्री जी ने गठन किया है कि कानूनी संरचना और पूरा ढाँचा देश से लेकर राज्यों में और राज्यों से लेकर जिलों में दिव्यांगों के हित के लिए, किस प्रकार से कानूनी सुरक्षा उनको दी जाए, किस प्रकार से उनको आर्थिक सुरक्षा दी जाए और किस प्रकार से दिव्यांगों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को बढ़ाकर समाज में उनको जीने का अधिकार दिया जाए। उन दिव्यांगों के साथ यदि कोई भी व्यक्ति कोई अत्याचार या अन्याय करता है, तो उसको अपराध देने का पूर्ण प्रावधान इस बिल के अंदर है। ऐसा संपूर्ण प्रावधान इस बिल के अंदर है।

मैं माननीय सदन से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूँगा कि इस बिल को अपनी सहमति दें और इस बिल को पास करें। बहुत बहुत धन्यवाद।

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, I rise to speak on the Rights of Persons with Disabilities Bill, 2016. I am so happy to see the condition of the House today. If only the Ruling Party had this intention in mind, then that debate on demonetization could have been held. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** ये क्या हो रहा है?

PROF. SAUGATA ROY: I will speak on this Bill only.

HON. SPEAKER: Okay, thank you.

PROF. SAUGATA ROY: I am so happy with this situation. Madam, you are sitting quietly without getting excited and the Ministers are all sitting in their seats. This is an ideal situation. Why could you not do it? I lament for this because this Session is a washout in any case. But I rise to speak on the Rights to Disabilities Bill.

The first thing I want to mention is that this Bill was brought to Rajya Sabha in 2014. At that time, Mr. Arun Jaitley, who was the Leader of the Opposition in Rajya Sabha, said that this Bill should not be passed urgently and we should send it to the Standing Committee. The Standing Committee submitted this Report in 2015 and now the Bill has come in the end of 2016. Of course, it is better late than never. But there has been two-years delay in actually passing the Bill. There is no doubt that this Bill has very many improved features for which we must commend the Government that for the first time a comprehensive legislation has been brought forward for the aid of those who are disadvantaged - some from birth, some through accidents or diseases acquired later. They are really the most unfortunate condemned people in our society. It is good that Parliament is one in passing this Bill. At least, we are, whatever our political differences are, with these very disadvantaged people. We have shown that much of humanity and compassion which is a good thing in itself.

Now, there are certain things. Mr. Venugopal has spoken at length. There are certain good features in the Bill which the Minister has also mentioned. The

main thing is that they have included 21 disabilities as part of disabilities. For instance, for the first time, autism and intellectual problem of learning disorders has been included. For the first time, learning disorders like dyslexia has been included. I did not know for a long time that there was a disease such as dyslexia. Only after seeing Aamir Khan's *Taare Zameen Par*, I came to know that there is such a learning disorder. So, now, that has also been included. And for the first time, acid attack victims who are a big problem to society have also been included.

Madam that day during the release of Bhartruhari Mahtab's book, we were talking of the problems of the old people, senior citizens and those elderly people who were hit by geriatric diseases such as Parkinson's disease. Now Parkinson's disease has also been included as a disability, which I strongly commend.

Also, for the first time, blood disorders like thalassemia and haemophilia have been included. They were not there earlier but we know what problems people with thalassemia and haemophilia disabilities are faced.

Now, I support Mr. Venugopal when he said that reservation should be increased to five per cent instead of four per cent as promised in the Bill. I hope in this atmosphere of cordiality, the Minister will accede to our request. There is no loss of prestige if you accept the Opposition's recommendation on this very important matter of reservation for the persons with disabilities. Also, there is five per cent reservation in land allotment by the Government. So, if there is five per cent reservation there, there should be five per cent reservation in employment.

Now the Central and State Advisory Boards are being formed, and our Parliament will also elect Members to the Central Board. The MLAs will also elect people to the State Advisory Boards. As Mr. Venugopal has suggested—I again support him—that the District Advisory Boards should also have representatives of the people. If you do not want MLAs and MPs, at least the District Zilla Parishad Members or some representative people should be kept in the District Advisory Boards.

Now, for the first time, a national fund for persons with disabilities is being created and it will mainly depend on Central allotments. I do hope that the Finance Ministers in future allot sufficient funds to help the persons with disabilities. There is also a Committee for Research on Disabilities, which is very good because a lot of these disabilities could be cured if there is proper training.

Now, I want to mention two points in brief. Our country is not disabled-friendly. Madam, you travel to the West very often. Every building there has got a ramp. Every transport there has got a ramp for people with orthopaedic problems. We have not been able to introduce that in our trains and in our buses, and even in some Government buildings, these ramps have not been put for the handicapped people. That should be strictly implemented. These will help the disabled.

I have been working with the disabled for many years. The National Institute for the Orthopaedically Handicapped is in my constituency in Bonhoogly. Also, branches of the National Institute of Visually Handicapped and the Hearing Handicapped are also in the same campus. But I find that the NIOH is very badly maintained and very badly managed. There is a big rush of patients there. There is not sufficient doctors, particularly doctors who can perform surgery on the orthopaedically disabled. I want the Minister to give personal attention. I sometime talk to him on improving the services at the National Institute for the Orthopaedically Handicapped.

This is my last point. Madam, many people do not know that the Central Government has a scheme to give free appliances to the handicapped. Wheelchairs, tricycles, blind sticks and hearing aids—all this is distributed free. But we have to organise camps. Now to organise the camps for thousand and two thousand people takes a lot of money. There is no help from the Government. Then, again in camps there is a problem that unless they have the disability certificate, they will not get these aids from the Government of India. So, I would request the Minister to make this problem of having certificates not compulsory, not mandatory but optional so that more people get benefited.

When the Government of India is giving the funds, we should provide this benefit to more and more people. On my request the hon. Minister has sanctioned two camps in my constituency and three camps in backward areas of West Bengal. I will again request him to organise seven more camps. I would like the rules in respect of camps to be made simple. That is why we support this Bill whole-heartedly. Now, with 59 amendments, there is not much left to amending the Bill except the reservation.

In this context, I would quote from Tagore:

> "*Hey mor durbhaga desh, jahader korechho apomaan, apomaane hote habe, tahader shabaar shaman. Manusher adhikaare bonchito korechho jaare, shammukhhe tania ene tobu kole dao nai sthan, apomaane hote habe tahader shabar shoman.* "

"O my unfortunate country, those who have been insulted, ultimately the country will be insulted by them."

So, unless we do proper justice to the disabled, we shall not be fulfilling our duties as citizens of the country.

Lastly, a Bill for the Minister is still pending. This Bill is with regard to transgender persons. We have discussed on that Bill on the Private Members' Resolution. The Minister promised that he would bring in the Bill on transgender rights. I would request him also to expedite in bringing the Bill and we will pass it unanimously again just as we are passing this Disability Bill in Parliament Session raked by controversies and disturbed by commotion. Thank you.

**श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) :** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं राइट ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज बिल, 2016 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

आज तक देश में, राज्य में जितने भी विकलांग हैं, दिव्यांग हैं, उन्हें कई तरह की मदद सरकार के माध्यम से दी जाती थी। जैसे कि ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें हर मास सौ रुपए, पांच सौ रुपए, साथ-साथ कुछ और भी तरीके की मदद उन्हें देने का प्रावधान था। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि इस बिल के माध्यम से विकलांगों को पूरा न्याय देने का काम सरकार ने किया है, चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो, नौकरी के क्षेत्र में हो, समाज में अन्य उनको जो-जो हक चाहिए, वह उन्हें देने का प्रावधान इस बिल में अच्छे तरीके से किया गया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का अभिनन्दन करना चाहता हूं कि कई मास पहले, जब मैं उनसे मिला और मैंने विनती की कि मेरे क्षेत्र सिंधुदुर्ग में मुझे अपंगों की जांच करने के लिए कैंप करना है, तो उन्होंने तुरंत ही उसके लिए मंजूरी दी। जब केन्द्र सरकार के माध्यम से, वहां के जिला प्रशासन के माध्यम से, सहयोग से मैंने कैम्प किया तो साढ़े 6 हजार दिव्यांग सिर्फ एक ही जिले के उसमें आए। उनमें से करीब 3,200 दिव्यांगों को केंद्र सरकार के माध्यम से अलग-अलग सहायता देने का एक अच्छा मौका हमें प्राप्त हुआ। मैं बताना चाहता हूं कि वर्षों से कई दिव्यांग, जो बिस्तर के ऊपर पड़े थे, जो बाहर नहीं घूम रहे थे, इस योजना के माध्यम से जब हमने उनको मोटराइज्ड ट्राइसिकल दी, तो वर्षों से बिस्तर पर पड़ा हुआ दिव्यांग बैटरी से चलने वाली मोटराइज्ड ट्राइसिकल पर जब बाहर निकला, तो उसे जो आनन्द मिला, उसे देखकर मैं बहुत खुश हुआ।

माननीय मंत्री जी से मैं प्रार्थना करना चाहता हूं, जैसा अभी माननीय सदस्य ने कहा कि कई दिव्यांगों को प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होते हैं और कई लोगों को इन्कम सर्टिफिकेट की भी जरूरत होती है, जिला प्रशासन को जिस तरीके से ध्यान देना चाहिए, वह उतना ध्यान नहीं देता है। यह बिल जब मंजूर हो जाएगा, तब राज्य सरकार के माध्यम से जिला प्रशासन को भी आदेश देना चाहिए कि जो-जो दिव्यांग उनके क्षेत्र में हैं, उनको तुरन्त सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

मैं एक बार फिर इस बिल का समर्थन करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय मंत्री महोदय, गहलोत जी का आभार व्यक्त करता हूं और विनती करता हूं कि हर एक जिले में केन्द्र सरकार के माध्यम से विकलांगों के चिकित्सा शिविर का आयोजन करना चाहिए।

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): Madam, *namaskar*.

I thank you for allowing me to speak on this very happy Bill. I would label this as a happy Bill because this has transgressed all political party barriers. The Leader of the largest Opposition Party, not the Leader of the Opposition, Shri Kharge was the Minister who had moved this Bill in the Rajya Sabha, but today unfortunately, he has been forced to sit on this side. Now, we have another Minister who is moving this Bill. We support this Bill on behalf of my leader, Shri Naveen Patnaikji, and Biju Janata Dal. I am happy to support this Bill.

In this age of bionic prosthetics, lot of research, lot of development is happening across the world, but unfortunately, in India, we are still at a very rudimentary level as far as prosthetics and connected development is concerned. We have in Odisha, between Cuttack and Bhubaneswar an ALMCO unit which produces limbs for people who have lost their limbs due to accident or any other reason. We find that in the West, they are developing limbs which can be connected to the nerves which eventually get connected to the brain so that the human being, who is given such a limb, can actually function truly like a normal person and the limb functions as a normal limb. We are far behind.

So, one part is that we do reservations, we pass the Bills and we talk about it in Parliament and the other part is encouraging research whereby the people who should be benefited by these exercises actually become a part of society and are truly and honestly accepted by their peers as normal human beings. That is the most important part.

One thing is that we can always claim that you should have more passages for the disabled to climb into buildings, give them special toilets. All that is very essential. I am not over-riding those facts, but we should also see how to amalgamate them in the normal society as a very important part. The Government has to think about that.

Madam, as you are aware, computers, some decades back, invaded our offices and homes. I am using consciously the word ‘invaded’ because they

became so widespread that they were all over. You could not live without computers. The situation became like that. Along with computers, many new diseases also came in. People had posture problems, eye-related problems and also psychological problems. These problems became so acute that you had obsessive diseases, attention deficiency syndrome and many such things. Once society is changing, we are also seeing the cropping up of new diseases which are affecting the day-to-day lives.

Here, we are talking about a new kind of society. Initially, it was called cashless society. Now, we are being told that it will be a less cash society. We do not know what this new disease, that will crop up from this cashless society, will be! So, in a situation where society is evolving, we have to be adaptable. So, this declaration by the hon. Minister that we have listed 21 shortcomings as disabilities cannot be the final word on disabilities as such.

**13.00 hours**

I will mention a few. There is something called cardiovascular chronic heart failure in which the person dies but gets bed-ridden and gets affected very acutely by that.

There is locomotory problems, which is motor problems; there is rheumatoid arthritis and osteoarthritis; neurological problems; hemiplegia kind of paralysis; brain tumour; and then people getting incapacitated due to accidents. So, there are many diseases, which are not included in this and they need to be addressed.

In page 23, paragraph 72 on District-Level Committee about which Prof. Saugata Roy the hon. Member also mentioned. There is no mention as to how that the District-Level Committee would be formed. I would suggest that the local Lok Sabha MP should be involved in forming the Committee and should be consulted, so that there is a transparency in the purpose that we want to achieve.

I can speak for quite some time. I have a lot of points, but I think that, Madam, you want to wind up quickly.

HON. SPEAKER: Yes, thank you.

SHRI TATHAGATA SATPATHY: In my State of Odisha, the hon. High Court has fixed a limit of 50 per cent reservation, which we have already reached. Nowadays, they are calling them 'differently-abled'. I do not know, but probably this Bill needs a change of name.

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): The United Nations Convention again came back to using 'disability'.

SHRI TATHAGATA SATPATHY: So, I do not know where this one per cent reservation will come from. I would like to have some clarifications from the hon. Minister.

I, on behalf of the Biju Janata Dal, wholeheartedly support this Bill, and as a gesture, I would suggest, Madam, that all the MPs should ensure that wherever in our constituencies we have people with disabilities, let us take a vow that in the next 2 ½ years that we have before the next General Election, let us try to bring them into the mainstream of social reforms and bring them as a part of society, so that they can build in the nation building effort that all of us are trying. No one person can change this nation. All of us have to put our brains and energies together, and any concept that one person can change a country does not happen anywhere. Even Alexander got defeated and Adolph Hitler got defeated. So, all of us, under your leadership, are willing to work for the change of this country.

I support this Bill and I thank you for giving me this opportunity. Thank you, Madam.

**श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) :** माननीय अध्यक्ष जी, इनके सिर्फ उत्तर प्रदेश से 73 लोकसभा के मैम्बर्स हैं। इन्हें बता देना चाहिए था कि अब कानून आ रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि उत्तर प्रदेश में सम्पूर्ण पढ़ाई मुफ्त है, न जात न पात, न परसेंट। अगड़ा है या पिछड़ा है, दलित है या हिन्दू है, मुसलमान है या क्रिस्चियन है, सम्पूर्ण पढ़ाई मुफ्त है। दवाई मुफ्त है। लड़कियों की पढ़ाई के लिए कन्या विद्या धन योजना में अलग से धन दिया जा रहा है। महिला पेंशन भी अब शुरु कर दी गई है। किसी भी व्यक्ति की भूख के कारण या दवा के अभाव के कारण मौत नहीं हो सकती, ऐसा प्रबंध उत्तर प्रदेश में किया गया है। यहां से लोकसभा के इनके 73 मैम्बर्स हैं, जो यूपी में हो रहा है इनको बताना चाहिए था। पढ़ाई भी मुफ्त की, दवा भी मुफ्त की और साढ़े सोलह सौ करोड़ किसानों की जमीन की नीलामी होती थी, वह कर्ज माफ कर दिया गया है। यहां कानून बना दिया है कि चाहे जितना कर्ज किसान पर हो, सरकारी या गैर सरकारी हो, किसान की जमीन नीलाम नहीं हो सकती है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बिल पर बोलिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव:** यहां कन्या विद्या धन योजना, महिलाओं के लिए पेंशन है। बेरोजगारी भत्ता, जिन्हें नौकरी नहीं मिली है, उन्हें 500 रुपए महीना दिया जा रहा है।

जहां तक सशक्त बनाने की बात है, सशक्त कहां से बनेगा? सशक्त तो तब बनेगा जब सब सशक्त हों, कोई भेदभाव न हो कि कौन अगड़ा है, पिछड़ा है, दलित है, मुसलमान है।

**माननीय अध्यक्ष :** यह डिसएबिलिटी बिल है।

**श्री मुलायम सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदया, वहां सबको सुविधा दी जा रही है। अगर ऐसा नहीं है, तो मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि आप उत्तर प्रदेश में एक कमेटी भेजकर समीक्षा कर लीजिए कि वहां इतनी सुविधाएं कैसी मिल रही हैं। ...(व्यवधान) यह मामूली बात नहीं है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, आप डिसएबिलिटी बिल पर बोलिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** यह बिल डिसएबिलिटी लोगों को सशक्त बनाने का है। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में पढ़ाई, दवाई, सिंचाई आदि सब मुफ्त है। ...(व्यवधान) वहां किसानों का कर्जा माफ किया गया है। ...(व्यवधान) किसान अशक्त है। ...(व्यवधान) आप किसान के बिना लोगों को सशक्त बनाना चाहते हैं, तो पता नहीं ये कहां से विद्वान आ गये हैं? ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, क्या आप बिल का सपोर्ट कर रहे हैं?

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदया, मेरा कहना है कि हर वर्ग सशक्त होगा। ...(व्यवधान) महिला सशक्त है, क्योंकि हमने अभी महिलाओं को पैंशन दे दी है। ...(व्यवधान) लड़कियों को पैंशन दे दी है। ...(व्यवधान) आप किसे सशक्त बना रहे हैं? ...(व्यवधान) हमें सबको सशक्त बनाना है। ...(व्यवधान) पूरे देश के लोगों को हमें सशक्त बनाना है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, यह डिसएबिलिटी बिल है, इसलिए आप उस पर बोलिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदया, आप समझ लीजिए, क्योंकि यह मामूली बात नहीं है। ...(व्यवधान) सशक्त का अर्थ चार फीसदी या पांच फीसदी है। ...(व्यवधान) इसका क्या मतलब है? ...(व्यवधान) दो फीसदी, चार फीसदी या दस फीसदी का क्या मतलब है? इसका मतलब है कि सबको समान अधिकार मिले और समाज में कोई भेदभाव न हो। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, यह डिसएबिलिटी बिल है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** आप इसे मामूली बात मत कहें। ...(व्यवधान) हमने देश के लिए आदर्श काम किया है। ...(व्यवधान) आप इस बात को समझिए कि अगर निशक्त को सशक्त बनाना है तो शुरू से ही सबको सशक्त बनाइये। ...(व्यवधान) किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। ...(व्यवधान) वहां न दलित है, न बैकवर्ड है, न अपर क्लास है और न कुछ और है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिहं जी, यह बिल अपंगों के लिए है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** हम महिलाओं को पांच सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, यह बिल अपंगों के लिए है, इसलिए आप उस पर बोलिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** हम सुन रहे हैं कि सशक्त बना रहे हैं, तो आप किसे सशक्त बना रहे हैं? ...(व्यवधान)

**श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी (महबूबनगर):** मुलायम सिंह जी, आपने डिसएबल्ड लोगों के बारे में बता दिया है। ...(व्यवधान) आपकी बात दर्ज हो गयी है। ...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** मैं वही बता रहा हूं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिहं जी, यह बिल अपंगों के लिए है। आपकी बात रिकार्ड हो गयी है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** इस पर बहस हो रही है, तो कम से कम यू.पी. वालों को मत बताइये। ...(व्यवधान) यू.पी. से 73 लोग लोक सभा के सदस्य हैं। ...(व्यवधान) आप उनसे पूछ लीजिए कि क्या मैं गलत बोल रहा हूं? ...(व्यवधान) गृह मंत्री जी अभी सदन से चले गये हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, यह बिल अपंगों के लिए है। आप सपोर्ट में है और आपका सपोर्ट नोट हो गया है। ...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** आप चार फीसदी किसमें सशक्त बनाना चाहते हैं? ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह बिल अपंगों के लिए है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** यह परसेंटेज क्या है? आप परसेंटेज में लेखपाल लिखाइये ...(व्यवधान) तहसीलदार लिखाइये। इसी में सारा हो जायेगा। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, आपकी बात पूरी हो गयी है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदया, यह उठाने वाली बात है। ...(व्यवधान) हम आपकी बात मान जायेंगे। ...(व्यवधान) लेकिन आप इन्हें समझाइये। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हम उन्हें समझा रहे हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. RAVINDRA BABU (AMALAPURAM): Madam, I thank you for giving me this opportunity to speak on this Bill. I am feeling very happy because I can go back home today with the tremendous satisfaction that I could speak something to justify the salary that I am taking from the Parliament. I am justified in taking my salary today, Madam. For the past 15 days, I was feeling very bad because I was not justified to take my salary.

Madam, I not only support this Bill on behalf of the Telugu Desam Party, but also we congratulate the Minister for having conducted a lot of Handicap Camps in Andhra Pradesh. We congratulate and really appreciate your efforts and we request you to conduct more such Camps in future. Those Camps which were conducted were tremendously successful. Everywhere, it has become tremendously successful. They have particularly sanctioned one Stadium in Visakhapatnam for the handicapped persons.

HON. SPEAKER: Very good.

DR. RAVINDRA BABU: Madam, in this Bill, I find that there are certain glaring, discernible variations. Instead of taking so many pains in dwelling on so many disorders, they could have written simply as ‘congenital and acquired disorders’. ‘Congenital’ means ‘those defects that are present at birth’, and ‘acquired’ means ‘those defects that are developed after birth’ either by injury, social pressure or intellectual pressure. There are so many depressive tendencies, or depressive psychosis.

There are certain glaring omissions in this Bill, Mr. Minister, Sir. For example, Motor Neurone Disorder is one such disease. The famous scientist, Mr. Stephen Hawking, used to suffering from this disease, yet he had achieved a lot of things. Similarly, Mr. John Nash suffered from Schizophrenia. However, Schizophrenia has not been mentioned here; Depressive psychosis has also not been mentioned here.

Madam, most of the persons with the disorders which were elaborated in the Bill, excepting those who are visually-handicapped, hearing-handicapped,

locomotor-handicapped, they are unfit to use the reservation. There are people who have got the numerical age of two or three years. There are persons who are 40 years or fifty years of age but they behave as though they are two year or three year old children. Instead of giving reservations to those handicapped persons, let us give financial support to those families where these persons are born so that this support system will at least give them some food and will take care of them.

My another suggestion is that instead of giving reservations to the handicapped person, the brother or sister or any of the persons who are taking care of these persons can be given reservation. Under the guidance and active support of Shri Chandrababu Naidu garu, we are giving pension of Rs.1500 to all the handicapped persons in Andhra Pradesh. On the day one, the money is deposited in their account on a computer precision basis. All the handicapped persons in Andhra Pradesh are very happy. I would like to congratulate the Minister for conducting camps for the handicapped. I would request him to conduct more such camps in future. I thank you.

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA (NIZAMABAD): Madam, I thank you for allowing me to speak on this very important legislation.

First of all, I would truly like to congratulate the Government and the hon. Minister for bringing in such a wonderful legislation. He has not only increased the scope and definition of disability but I am very happy that he has accepted majority of the recommendations made by the Committee. This only reflects how the parliamentary system is working and how the work done by the Members in the Committee is respected and taken into consideration by the hon. Minister. I congratulate him for that. As a woman Member, I truly appreciate the efforts made by all the activists who said that the disability as a result of acid attack also should be considered. I also thank the hon. Minister for adding the acid attack victims as a part of this definition.

Apart from the good things, there are only two or three major demands which all the hon. Members have been asking for across the party lines. When we have increased the number of disabilities, why did we reduce the percentage of reservation as compared to the proposed Bill of 2014? In the Bill of 2014, the recommendation was to have five per cent reservation. But, now it is being reduced to four per cent. Many of the Members have moved amendment to this effect also. I would sincerely urge the Government to consider these amendments. Many Members including me have moved these amendments.

Apart from this, there is a Commissioner who takes care of the provisions of the disability as provided by the Government. But, they are not taken seriously. Many times, the Courts have simply rejected the recommendations made by the Commissioner and the person with disability could not get his right. I would sincerely requested that यह चैरिटी नहीं होनी चाहिए। एक राइट-बेस्ड एप्रोच होनी चाहिए। डिसएबल्ड पर्सन्स को एक डिग्निटी ऑफ लाइफ मिलनी चाहिए। अगर यह मिलनी है तो we should form a Commission both at national and State levels. These Commissions should be on par with the Backward Classes Commission, SC Commission and ST

Commission. Then only the right of the disabled persons can be sincerely exercised.

I wanted a clarification from the hon. Minister. I have seen a report in a newspaper which said that persons with a disability will be given a colour-coded identity card. If that is true, if there is a proposal like that, my sincere suggestion is that पूरे देश भर में कतार लगा-लगाकर लोग थक गये हैं। वापस एक और कतार शुरु मत कीजिए। आधार कार्ड में अगर उनके बारे में आप कुछ प्रोविजन्स कर सकते हैं कि आधार कार्ड itself can say that this person is disabled. That will be much more easier. इससे विकलांगों को वापस कतार में जाकर खड़े होने की मुश्किल से आप उनको बचा पाएंगे। हमारे क्षेत्र सिकन्दराबाद, तेलंगाना में there is the Institute of Mental Health. It is absolutely in chaos. There is no budgetary support; there is not very good monitoring. आप इस पर जरा ध्यान दीजिए। इसके साथ ही मैं यही कहना चाहती हूं कि हमारी तेलंगाना सरकार ने सारे विकलांगों को 1500 रुपये पेंशन देने की घोषणा की थी। बाद में चंद्राबाबू नायडू जी ने हमारी स्प्रिट से आन्ध्र प्रदेश में भी उसको इम्पलीमेंट किया है। ...(व्यवधान) It is good to be inspired by the good policies. I truly congratulate him.

मैडम, अंत में मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि अगर हम एक राइट बेस्ड अप्रोच से काम करेंगे तो जितने भी डिसेब्लड हमारे देश में हैं, उनको लगेगा कि it is not our disability that counts but it is our ability that counts. I sincerely believe that this Bill will create such an ecosystem in the country. I truly support this Bill on behalf of my party and my leader. Thank you.

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) :** अध्यक्ष महोदया, मैं सबसे पहले मंत्री महोदय का अभिनंदन करना चाहता हूं, वे जब मंत्री नहीं बने थे, तब से वे हमारे पुराने मित्र हैं। इस बिल को पारित कराने का श्रेय उन्हें जाता है और आपको भी श्रेय जाता है। जो बिल उस सदन में ढाई साल से लम्बित था, हम उस बिल को यहां एक दिन में पारित कर रहे हैं। जो लोग यह कहते हैं कि लोक सभा में काम नहीं होता है, वे देख सकते हैं कि काम अगर ढंग से किया जाए, तो एक दिन में भी काम कर सकते हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर काम करना चाहें, तो एक दिन में बहुत काम हो सकता है।

**श्री मोहम्मद सलीम:** अध्यक्ष महोदया, इस बिल को हम लाए हैं, चूंकि यह यूनाइटेड नेशंस की जो कन्वेंशन है कि वर्ष 2007 में यह पैराडाइम शिफ्ट हुआ कि हम एबिलिटी-डिसेबिलिटी के सवाल को किस तरह से देखेंगे। यूनाइटेट नेशंस कन्वेंशन ऑन राइट्स आफ परसन विद डिसेबिलिटीज, यूएनसीआरपीडी, 2007 और भारत उन देशों में से है, जिसने सबसे पहले इस पर साइन किया। हमें सात साल लग गए, मैं आपकी बात नहीं कह रहा हूं क्योंकि उस समय दूसरी सरकार थी, हमें सात साल इस बिल को लाने में लग गए। उस सदन में इसे पारित करने में ढाई साल लग गए और हम यहां इसे एक दिन में पारित कर रहे हैं, इसमें बुरी बात क्या है।...(व्यवधान)

महोदया, दूसरी बात यह है कि स्टैंडिंग कमेटी ने मई, 2015 में रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। इस दौरान जो राइट्स की बात कर रहे हैं, जैसा कविता जी ने जो कहा है, वह सही बात है कि जो डिसेबिलिटी के बारे में जो संस्थाएं काम करती हैं, मैं उनका अभिनंदन करता हूं, दर्जनों संस्थाएं हैं, कुछ नेशनल प्लेटफार्म्स हैं, कुछ आल इंडिया बाडीज हैं, 3 दिसम्बर को हम डिसेबिलिटी डे मनाते हैं, पूरे देश में वह पहले से संघर्ष करती आ रही हैं और इस अधिकार के लिए लड़ी हैं। मैं उनका भी अभिनंदन करता हूं कि उनकी मांग की वजह से हम यहां बाय-पार्टिशन होकर इसे पारित कर रहे हैं।

इसमें कुछ अच्छे प्रावधान भी लाये गये हैं, उनके लिए भी मैं सराहना करता हूं। इस बिल को पुराने बिल से ज्यादा स्ट्रेंदन किया गया है, मैं उसे रिपीट नहीं करूंगा क्योंकि कम समय है लेकिन अच्छी बातें मैं जरूर कहना चाहूंगा। डिस्क्रिमिनेशन के बारे में हमारे सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि हमारे सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शासकीय जो पहलू हैं, इसमें सबसे बड़ा डिस्क्रिमनेशन का सवाल आता है, जिससे एटीट्यूड में भी फर्क आता है। जैसे-जैसे शिक्षा में बदलाव आ रहा है, सामाजिक एटीट्यूड में बदलाव आ रहा है, डिस्क्रिमिनेशन के बारे में जो लेजिस्लेशन में नहीं था, उसकी आपने डेफिनेशन दी है और साइन लैंग्वेज, आडियो विजुअल, विजुअल किया, यह बहुत अच्छी बात है। यह अच्छी बात है, जिन लोगों को परेशानी हो रही है, उसके बारे में है। अच्छी बात यह है कि आप प्राइवेट एनटीटी को भी इसके

दायरे में ले आए हैं, वे सरकार की तरफ से तो होते थे लेकिन हमारे यहां निजी क्षेत्र जिस तरह से बढ़ रहा है, उन्हें भी आपने इसमें शामिल किया, यह बहुत अच्छी बात है।

महिलाएं और बच्चे हमारे समाज में पिछड़े और कमजोर हैं, बच्चों को वोटिंग राइट नहीं है, इसलिए इस तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है और जिनको डिसेबिलिटी होती है, उन्हें और ज्यादा परेशानी होती है। उनके लिए खास कर जैंडर सैंसिविटी इस बिल में है, इसे भी मैं सराहता हूं।...(व्यवधान) सर्टीफिकेट के बारे में कविता जी ने भी कहा है, मैं स्वयं अपने क्षेत्र में, बंगाल में जब मंत्री था और काफी समय विधायक और सांसद रहा हूं, उस समय से मैं देखता रहा हूं कि सर्टीफिकेट के बारे में कोर्डिनेट मूव नहीं होता है। मंत्री जी बिल लाए हैं, लेकिन जहां राज्य सरकार का मामला है, सोशल वेलफेयर विभाग है, उसके साथ हैल्थ विभाग में लैक ऑफ कोर्डिनेशन होती है, जब हम उनके लिए कैम्प लगाते हैं तो इन तमाम संस्थाओं को एक साथ लाना पड़ता है वरना परेशानी होती है और माइग्रेंट लेबरर्स का सर्टीफिकेट बंगाल, बिहार, यूपी में जो माना जाता है, उसे दिल्ली में कहते हैं कि स्वीकार नहीं किया जाता है, इसे आपने अच्छा किया है जैसे ड्राइविंग लाइसेंस को ऑल इंडिया में वैध कर सकते हैं तो इस तरह के सर्टीफिकेट्स को भी करना चाहिए। इन्हें आधार कार्ड के साथ लिंक करने की बात कही है। स्मार्ट कार्ड की बात कही जाती है, नोट में चिप की बात कर रहे हैं तो कम से कम ऐसा सर्टीफिकेट होना चाहिए जो कि पूरे देश में चलने वाला यूनीवर्सल सर्टीफिकेट हो, जिससे कि उन्हें परेशानी न हो। जैसे फेक नोट बाजार में आ जाते हैं, वैसे ही फेक सर्टीफिकेट भी आ सकते हैं, इसमें अगर आप आसानी करें और सही ढंग से कोर्डिनेशन हो, तो अच्छा रहेगा।

यहां भाषण में तो ताली बज गई कि तीन से चार परसेंट कर दिया है, लेकिन ओरिजिनल बिल में पांच परसेंट आरक्षण की बात कही गई थी, उसे आपने चार परसेंट किया है। इस परसेंटेज को कम कर दिया है, यह परसेंट पांच होनी चाहिए। आपने दायरा बढ़ाया है, ऑटीज़म वगैरह की बात नहीं कर रहा हूं, बहुत से सदस्यों ने टेक्नीकल बात भी कही, 21 ऐसे मामलों को आपने जोड़ा है, लेकिन पांच परसेंट आरक्षण न करके चार परसेंट रखा है और एमबिट दायरे को बढ़ा देंगे तो यह सही उपलब्धि नहीं होगी। इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए था। एक बात पनिशमेंट की भी है। सिविल सर्विस में नियुक्ति से लेकर निचले स्तर तक हमारे ब्यूरोक्रेसी में या एडमिनिस्ट्रेशन में ऐसे लोग हैं, उन्हें पनिशमेंट का ओरिजिनल बिल में जो प्रावधान था, उसे डायलूट कर दिया है, वह पनिशमेंट रखनी चाहिए थी वरना लोगों की परेशानी कम नहीं होगी।

महोदया, मैं आखिरी में एक मांग रखना चाहता हूं, जैसा सौगत राय जी ने कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट आफ आर्थोपिडिकली हैंडिकैप जो बोनोगिली में है, बहुत प्रैसटीजियस इंस्टीट्यूट है, वह आपके

अंडर है। उस पर लोगों को भरोसा है और जो नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हैल्थ है, उसका बंगाल में ईस्टर्न इंडिया और नार्थ ईस्टर्न इंडिया के लिए एक ब्रांच होनी चाहिए। ईस्टर्न और नॉर्थ ईस्टर्न स्टेट के लोगों को बैंगलुरू में जाना पड़ता है, आप अगर एनआईओएच को भी मार्डेनाइज करते हैं और उसके साथ निमहंस की ब्रांच वहां लगाते हैं, उसके लिए आपको राज्य सरकार से जमीन की जरूरत नहीं होगी, वहां सुविधा है, इस तरह से आप मेंटल हैल्थ को भी इसके साथ जोड़ सकते हैं और स्पैस्टिक्स हैं और ऑटीज़म के शिकार हैं, ऐसे जो दूसरे लोग हैं, जो तारे जमीन पर आ रहे हैं, उन्हें आप पूरा आसमान तो दे नहीं सकते हैं लेकिन उनकी हालत को सुधार कर जमीन तो दे सकते हैं। उनके लिए सेवा या दान की भावना नहीं हो, बल्कि उन्हें अधिकार दिया जाए। हमारे मुल्क को आगे बढ़ाने की हमारी जो ड्यूटी है, उसमें वे अपनी जिम्मेदारी भी स्वयं निभा सकें।

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI (TIRUPATI): Hon. Speaker Madam, thank you very much for giving me this opportunity. I also congratulate the hon. Minister for bringing a wonderful piece of legislation. India is among the first countries to adopt the United Nation's Rights for Persons with Disabilities. But we must say that India is most unfriendly as far as disabled people are concerned. We do not have even a single building in States or at national level which is disabled-friendly. In fact, the Supreme Court has pointed out that even the private sector people are doing better than the Centre and the States and has directed the Government of India to identify at least 50 buildings to make them totally disabled-friendly. I hope that we will take a lesson from that.

I want to point out here that our country is so unfriendly as far as disabled people are concerned that several people are leaving this country because either they are disabled or their children or grandchildren are disabled. I will give one example here which will teach us a lesson. One Mr. Napoleon, three-time Member of Legislative Assembly and former Central Minister and Member of Parliament, had to leave the country and settle in the USA for the simple reason that his grandchild is disabled. The disabled people are not able to live with dignity as the infrastructure is so unfriendly here.

Coming to the reservation for disabled persons, I must say that I am also part of that because I am on the Parliamentary Standing Committee as far as reservation is concerned. There is a huge backlog and we do not have a monitoring system as far as the Government of India is concerned. Although we had earlier earmarked three per cent and now we are trying for four per cent reservation for them, we do not have a monitoring mechanism to ensure that whatever percentage is earmarked will go to the disabled persons. This is more important than earmarking the percentage itself.

Secondly, 70 per cent of the disabled persons are living in rural areas. We do not have a clear cut policy for disabled persons who are living in rural areas.

In the private sector also, we request that the reservation should be implemented. Otherwise, for the six per cent of disabled people as per the Census, we can never provide dignity unless we provide them a decent living.

We need to have special schemes for the upliftment of these people. The Government has to come in a big way to include them. Special schemes are very much required for social and economic development of these people. A legal status has to be provided for these people. Whenever anybody criticises them, just as the other communities have their strength from the Constitution, these people should also be provided legal status.

There is no sports infrastructure as far as India is concerned for the disabled people. I earnestly request the hon. Minister to provide some sports infrastructure at the district level so that those people can also feel a part of that.

About 80 per cent of the disabled people are living in the southern part of the country. Therefore, it is extremely important that we have a proper policy on this. More than the Act, a monitoring system is more important. I hope, the Government will look into the monitoring aspect.

Thank you.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

दिव्यांगों के इस बिल के लिए मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूँ। आज पूरे देश में दिव्यांगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी परिस्थिति में आपने कहा है कि इसे तीन प्रतिशत से चार प्रतिशत किया जाएगा। मेरा आपसे अनुरोध है कि इसे पाँच प्रतिशत किया जाए। कई लोगों ने इस बात को कहा है कि इसे पाँच प्रतिशत होना चाहिए। दिव्यांगों की संख्या बढ़ती जा रही है।

मेरा यह भी कहना है कि दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय आयोग भी बनना चाहिए। देश के स्तर पर उसका सर्वे हो, उसके साथ जो भी परेशानियाँ हों, उनका निराकरण किया जाए, चाहे सरकार से उनको यंत्र न मिलने की बात हो, जो भी कठिनाई हो, उसे देखकर, उनकी सुविधा के लिए व्यवस्था की जाए।

माननीय नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन की सरकार है। वहाँ दिव्यांगों में कोई मापदण्ड नहीं है। वहाँ सभी विधवा महिलाओं को पेंशन भी दिया जाता है। उसी आधार पर मैं आपसे निवेदन करूँगा कि आप दिव्यांगों के लिए तीन हजार रुपये प्रति माह पेंशन की व्यवस्था करें। उसमें कोई मापदण्ड न हो।

दिव्यांगों के लिए रेलवे स्टेशनों पर जो आरक्षण दिये जा रहे हैं, उनमें भी कमी है। मेरा अनुरोध है कि उन लोगों के लिए अलग से व्यवस्था हो। अस्पतालों में जब ये लोग इलाज कराने जाते हैं, तो वहाँ उनके लिए अलग से नम्बर नहीं होता है। मेरा अनुरोध है कि उनके लिए अस्पतालों में भी व्यवस्था होनी चाहिए।

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने में निःशक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

मैंने इस बिल को संक्षेप में पढ़ा। मैं माननीय मंत्री जी को दो-चार सुझाव देना चाहूँगा। यह एक बहुत ही गंभीर बिल है। इस बिल के प्रौपर इम्प्लीमेंटेशन के बाद सिस्टम में एक बहुत बड़ा बदलाव लाया जाएगा। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि क्यों न हम इसकी शुरुआत देश के प्राइमरी और सेकेण्डरी स्कूलों से करें। इसे सरकारी स्कूलों में ही नहीं, बल्कि प्राइवेट स्कूलों में भी इसे मेनडेटरी किया जाए। जो डिसेबल किड्स हैं, कम से कम उनके लिए पूरे तौर पर रिज़र्वेशन हो। आज जितने भी बड़े-बड़े स्कूल हैं, जो पाँच-सात लाख रुपए शुल्क लेते हैं, उनमें एक भी डिसेबल बच्चा एडमिशन नहीं लेता है। सरकार को उन स्कूलों में पाँच प्रतिशत सीट आरक्षित करनी चाहिए, जिसके तहत उस बच्चे को यह अधिकार मिले ताकि वह बड़े स्कूल में पढ़ पाए।

मैं माननीय मंत्री जी से यह भी कहना चाहूँगा कि जो पब्लिक प्लेसेज़ हैं, जो सरकारी संस्थाएं हैं, जहाँ सुबह से शाम तक पब्लिक डीलिंग होती है, वहाँ पर दिव्यांगों के लिए सुविधाएँ प्रदान की जाएं, चाहे टॉयलेट्स बनाने की सुविधा हो, चाहे स्टेयर्स के स्थान पर लिफ्ट बनाने की हो।

मैं एक और अनुरोध करना चाहूँगा। बच्चों की बीमारियाँ- सिरेब्रल पैलेसी, न्यूरो डिजीजेज़ आदि हैं, ऐसी परिस्थिति में बच्चों की ऐसी अवस्था को ध्यान में रखते हुए उनके माता-पिता को भी उनके साथ जाना पड़ता है। इसलिए भारत सरकार को कम से कम सार्वजनिक परिवहन में उन बच्चों के माता-पिता को भी सपोर्ट करने की फैसिलिटी भी इस बिल के माध्यम से दी जाए।

मुझे मालूम है कि आज इस सत्र का आखिरी दिन है और सभी को घर जाने की जल्दी है। लेकिन यह एक अहम बिल है। इसके लिए एक नैशनल कमीशन फॉर पीपुल्स विद डिसैबिलिटीज बनानी चाहिए। जहां मूलभूत समस्याएं हैं, वहां के लिए हम अधिकारी उपलब्ध करवाएं। पेज 23 पर प्वाइंट नंबर 72 पर लिखा है कि डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी With disabilities होंगी। उस कमेटी में जो स्थानीय सांसद हैं, उनको उसमें सरकार को जगह उपलब्ध करानी चाहिए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए सांसद वहां उपलब्ध हो सकें। धन्यवाद।

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) :** अध्यक्ष महोदया, मुझे खुशी है कि देर आए दुरुस्त आए, अंत भला तो सब भला। हमारे आदरणीय नेता आडवाणी जी की चिंता ने सदन को आज एकत्रित कर दिया है।

महोदया, मैं मत्री महोदय से आग्रह करना चाहूंगा कि इसके कारण के पीछे जाने की आवश्यकता है, जैसे कुपोषण है, गरीबी है, स्वच्छता है, उनके लिए पौष्टिक खाना उपलब्ध न होना इत्यादि। कानून तो बहुत बने हैं और भविष्य में भी बनेंगे। आपने स्कूल की बात कही और मैं भी कह रहा हूं कि स्कूलों में मैंडेटरी किया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 20 प्रतिशत आरक्षण की बात कही है, क्या उनका वहां एडमिशन हो जाता है। मेरा आपसे आग्रह है कि जब तक आप दिव्यांगों के लिए शिक्षा को रोजगार से नहीं जोड़ेंगे तब तक सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन उनका दूर नहीं होगा। जब तक कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होता है, तब तक उसको सामाजिक सम्मान नहीं मिल पाता है। एनजीओ लूट का सबसे बड़ा कारण है। ऐसी एनजीओस जो विकलांगों और दिव्यांगों के नाम से लूट रही हैं, उन पर सरकार की दृष्टि होनी चाहिए। मैं दो-तीन बातें कहना चाहता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप एक ही बात कहकर अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**श्री राजेश रंजन:** महोदया, इसमें गरीबी भी सबसे बड़ा कारण है। इसके अलावा एक्प्लोइटेशन, सामाजिक शोषण, कुपोषण इत्यादि है। पानी में आर्सेनिक भी एक कारण है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राजेश रंजन :** मेरा कहना है कि शैक्षणिक आधार को आर्थिक आधार की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बिल को सपोर्ट कीजिए और अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राजेश रंजन :** मैं पेंशन के बारे में कहना चाहता हूं कि दिव्यांग और विकलांग को कम से कम तीन से पांच हजार रुपये पेंशन देने की गारंटी दी जानी चाहिए। यह उनके सामाजिक और आर्थिक आधार को डेवलप करने के लिए बहुत ही आवश्यक है। इसके अलावा एक आयोग बनाने की आवश्यकता है। जहां तक जनप्रतिनिधि की बात है, मैं एमपी या एमएलए की बात नहीं करूंगा, सामाजिक रूप से किसी न किसी जनप्रतिनिधि की इसमें भागीदारी जिला स्तर पर रखी जानी चाहिए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मि. मिनिस्टर।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए, आपकी बात रिकार्ड में आ गयी है।

**श्री थावर चंद गहलोत :** अध्यक्ष महोदया, लगभग 13 सदस्यों ने इस बिल पर अपने विचार व्यक्त किए हैं और अपने सुझाव भी दिए हैं। दो-तीन माननीय सदस्यों ने आग्रह किया है और संशोधन भी प्रस्तुत किए हैं। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि दिव्यांग-जनों के सर्वांगीण विकास के लिए इसमें हर स्तर पर प्रावधान किए गए हैं। माननीय वेणू गोपाल जी ने कहा कि प्राइवेट इंस्टीट्यूशन में भी यह लागू होना चाहिए। रिकॉग्नाइज संस्थाएं, चाहे वह प्राइवेट हों या कोई भी हों, मान्यता प्राप्त होने के कारण उन पर इसके प्रावधान लागू होंगे। इसलिए यह धारणा कि यह केवल सरकारी संस्थानों पर ही लागू होगा, निरर्थक है। यह उन प्राइवेट संस्थाओं पर भी मान्य होगा जो सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। जो संस्थाएं मान्यता प्राप्त नहीं हैं, उनको इस प्रकार का काम करने का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। इसलिए मैं उनसे आग्रह करना चाहूंगा कि इसमें ऑलरेडी व्यवस्था है।

इसके अलावा आरक्षण के परसेंटेज के बारे में भी बात कही गयी। मैं इस संबंध में निवेदन करना चाहूंगा कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 2 करोड़ 68 लाख दिव्यांग-जन देश में हैं, जो भारत की जनसंख्या का 2.2 परसेंट है। अभी तक तीन प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था थी, अब हम सात श्रेणियों की बजाय 21 श्रेणियां बना रहे हैं, निश्चित रूप से उनकी संख्या में वृद्धि होगी। परंतु जो 21 श्रेणियां बढ़ी हैं, उनकी जनसंख्या इतनी बढ़ने वाली नहीं है। लेकिन जो सात श्रेणियां हैं, उनमें अधिकांश श्रेणियां कवर होती हैं और इस आधार पर अभी जो आकलन किया है, वह चार प्रतिशत व्यावहारिक होगा। अगर हमने यहां अव्यावहारिक निर्णय लिया तो आगे अनेक प्रकार की कठिनाइयां होगी। इस बात को ध्यान में रखकर हमने यह प्रावधान किया है। माननीय सदस्यों ने यह भी कहा है कि राज्य और केन्द्र के बजट या आर्थिक संसाधन को आधार बनाकर आप ये सुविधाएं देने वाले हैं। देश की आजादी के बाद यह मान्य परम्परा है। उस मद में बजट का प्रावधान होता है। उस बजट प्रावधान को ही हम उसमें डिस्ट्रीब्यूट करके वे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। परंतु हमने इसमें इस प्रकार की व्यवस्था की है कि कोई भी दिव्यांग भारत सरकार या राज्य सरकार की योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं होगा, यह मैं आश्वस्त करना चाहूंगा।

महोदया, इसके साथ-साथ आयोग की बात भी हुई। हमने अनुभव किया है कि जो आयोग हैं, वे केवल सरकारों को सलाह देने का काम करते हैं। उसे इम्पलीमैन्ट करना है या नहीं करना है, यह सरकार ही तय करती है। उससे ऐसा लगता है कि इससे और ज्यादा पावरफुल संस्थान बनाने की आवश्यकता है, इसलिए हमने कमिश्नरी स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध कराने का काम किया है। आयुक्त प्रणाली पावरफुल होगी और जैसा मैंने बताया कि उसमें एक मुख्य आयुक्त होगा और दो आयुक्त होंगे, उसमें दिव्यांगजनों का भी एक प्रतिनिधि होगा, यह केन्द्र और राज्य स्तर दोनों पर होगा।

इसके अलावा जो बोर्ड की बात है, हमने इसमें केन्द्र और राज्य सरकार लैवल पर एजवाइजरी बोर्ड बनाने का प्रावधान किया है। अनेक माननीय सदस्यों ने यह कहा है कि यह जिला लैवल पर भी बनना चाहिए। इस बिल की मंशा उसके अनुरूप है। हम राज्यों के साथ नियम बनाते समय और इम्पलीमैन्ट करते समय निरंतर सम्पर्क करेंगे और प्रयास करेंगे कि वे इस आशय की समितियां बनायें। जहां तक उसमें जनप्रतिनिधि सम्मिलित करने की बात है तो केन्द्रीय बोर्ड में हमने प्रावधान किया है कि इसमें तीन सांसद होंगे, जिनमें दो लोक सभा से होंगे और एक राज्य सभा से होगा। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि इनकी संख्या पांच कर दी जाए। परंतु अभी हमने महसूस किया है कि तीन ही पर्याप्त है। जहां तक विधायकों के प्रतिनिधित्व का सवाल है, हम आश्वस्त करते हैं कि नियम बनाते समय राज्य सरकारों के साथ कोऑर्डिनेशन करके प्रयास करेंगे कि राज्य स्तर पर जो बोर्ड होंगे, उनमें उनको भी सम्मिलित करने का काम करें।

जहां तक पर्सन्स विद डिसएबिलिटी के नाम का सवाल है, अंतर्राष्ट्रीय लैवल पर आज की तारीख में यही नाम मान्य है। अंतर्राष्ट्रीय लैवल पर हम जिस आधार पर यह कानून बना रहे हैं, वहां इसी नाम को दर्शाने की आवश्यकता है। परंतु मैं सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि देश के प्रधान मंत्री जी ने यह महसूस किया कि निःशक्तजन कहने पर उस व्यक्ति को अच्छा नहीं लगता है, उसे पीड़ा होती है और यह धारणा बनती है कि वह निःशक्त है या विक्लांग करने पर सीधे उसे देखा जाता है कि उसमें क्या विक्लांगता है, उसका कौन सा अंग भंग है। इसलिए हमारे यहां एक प्रसिद्ध और सम्मानजनक शब्द रहा है - दिव्यांग। इस शब्द को दिव्यांग शब्द करने का उन्होंने हमें संकेत दिया, निर्देश दिया, आदेश दिया। हमने राज्यों के साथ कोऑर्डिनेट किया, पत्र-व्यवहार किया, उनसे राय मांगी। एक-दो राज्यों को छोड़कर सब राज्यों ने दिव्यांग शब्द को स्वीकार करने की सहमति दी। इसके साथ ही साथ हमने एन.जी.ओज. को तथा गैर-सरकारी संगठनों में इस क्षेत्र में काम करने वाली जो संस्थाएं हैं, उनसे भी राय मांगी। उन्होंने भी दिव्यांग शब्द को स्वीकार करने की सहमति दी। खुशी की बात है कि इस देश में जो पहले विक्लांगजन सशक्तिकरण नाम था, अब हमारे विभाग और हमारे विभाग की जितने भी प्रकार संस्थाएं हैं, उन सबका नाम दिव्यांगजन कर दिया है, यह खुशी की बात है।

इसके अलावा एन.आई.ओ.एच. एक्ट के तहत सर्विस में डाक्टरों की संख्या बढ़ाये जाने की बात है। यह जो अधिनियम बनने वाला है, इस अधिनियम में आलरेडी इसका प्रावधान किया गया है। इसके बाद डिसएबिलिटी सर्टिफिकेट बनाने की बात आई। हमने इस पर निर्णय लिया है। यह बात सही है कि अभी एक जिले में कलक्टर की अध्यक्षता में मैडिकल बोर्ड होता है, इसमें मैडिकल लाइन के डाक्टर्स भी होते हैं और दिव्यांगता के स्पेशलिस्ट्स भी होते हैं। वे निर्णय करके परिचय पत्र बनाकर देते हैं। एक जिले का

प्रमाण पत्र दूसरे जिले में नहीं चलता है, एक राज्य का प्रमाण पत्र दूसरे राज्य में नहीं चलता है। हमने निर्णय लिया है कि हम ऑल इंडिया लैवल पर युनिवर्सल आइडेन्टिटी कार्ड बनाकर देंगे। एजेन्सी फिक्स हो गई है, उसका कार्य भी प्रारम्भ हो गया है और उसे आधार से जोड़ने का उसमें प्रावधान किया है।

इसके अलावा एलिमको के बारे में बात आई थी। मैं बताना चाहता हूं कि मोदी साहब के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में हमने यह काम किया है। एलिमको घाटे में जाने की स्थिति में था, परंतु उसका विस्तार करने के लिए, उसमें मोडिफिकेशन करने के लिए हमने लगभग पौने तीन सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया। इसमें खुशी की बात यह है कि जर्मन की एक आटोवाक नामक संस्था है, जो दिव्यांगों के उपकरण बनाने में स्पेशलिस्ट है। वह आधुनिक हाथ, पैर बनाती है। व्यक्ति उससे लिखना, पढ़ना, पानी का गिलास, चाय का कप आदि उठाकर जैसा जीवन पहले जीता था, उसी तरह का जीवन जीने की स्थिति में आ सकता है। उसके साथ हमने एम.ओ.यू. किया है।

इसके अतिरिक्त मैं बताना चाहता हूं कि ब्रिटेन की एक मोटिवेशनल संस्था है, इन दोनों से हम उनकी टैक्नोलोजी ले रहे हैं और हमारी टैक्नोलोजी वे प्राप्त कर रहे हैं। उनके प्रतिनिधि यहां आए थे, सात-आठ महीने पहले उन्होंने एलिमको आकर काम प्रारम्भ कर दिया है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आधुनिक तौर पर जैसे हाथ-पैर होने चाहिए, वैसे ही उन्होंने बनाने प्रारम्भ कर दिये हैं और हमने इनमें से कुछ बांटने का काम भी किया है। वे पांव ऐसे होंगे कि आप उनसे लांग जम्प भी कर सकते हैं, हाई जम्प भी कर सकते हैं और एथलेटिक प्रतियोगिता में दौड़ने में भी प्रतिभागी होकर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे उपाय हमने किये हैं।

डिसएबिलिटी की परिधि को बढ़ाये जाने के भी कुछ सुझाव आए हैं। इस बिल में प्रावधान है कि अगर कभी यह महसूस होगा, विधिवत प्रक्रिया को अपनाने के बाद यह निष्कर्ष निकलेगा, क्योंकि इसमें मैडिकल लाइन के लोग और डिसएबिलिटी के एक्सपर्ट्स होते हैं, वे सब बैठकर डिसाइड करते हैं कि डिसएबिलिटी क्या है और बीमारी क्या है। अगर यह निर्णय निकलेगा कि यह डिसएबिलिटी की परिभाषा में आता है तो इस अधिनियम में यह प्रावधान है कि संसद में आए बिना विभाग इस प्रकार का निर्णय ले सकेगा और मैं सोचता हूं कि हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

इसमें रिजर्वेशन की बात भी आई है। मैंने पहले ही बता दिया है कि होरिजोन्टल के आधार पर हमने निर्णय लिया है और यह व्यावहारिक है। अगर इससे कुछ भिन्न करने की कोशिश की गई तो अनेक कठिनाइयां पैदा हो जायेंगी। जिला स्तर की समिति की बात मैंने बता दी है। हम हर जिले में कैम्प आयोजित करते हैं। मैंने अभी आपसे निवेदन किया था कि हमने इन सवा दो सालों में 4,500 से अधिक

कैम्प आयोजित किये हैं और 5 लाख 80 हजार से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया है। साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि उस पर खर्च की गई है।

महोदया, एक खुशी की बात मैं और बताना चाहूंगा कि हमने इन दिनों में तीन वर्ल्ड रिकाड्र्स भी बनाये हैं। एक रिकार्ड आस्ट्रेलिया के नाम था, उन्होंने आठ घंटे में तीन सौ लोगों को सुनने की मशीन उपलब्ध कराई थी। हमने नवसारी में आठ घंटे में 600 लोगों को वे मशीनें उपलब्ध कराकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। उसके बाद अपने ही रिकार्ड को हमने सुधारा है। मणिपुर के इम्फाल में पांच नवम्बर को 3911 लोगों को हियरिंग मशीन उपलब्ध कराई हैं। वहां गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम आई थी, उन्होंने भी उसे वर्ल्ड रिकार्ड घोषित किया है। इसके अलावा एक रिकार्ड और बना है, उस दिन प्रधान मंत्री जी का जन्म दिन था। उस कार्यक्रम के अवसर पर एक हजार बच्चों ने जमीन पर पंगत में बैठकर तीस सेकेंड में दीपावली के दिन जो दीये जलाये जाते हैं, वे दिये जलाये और उसे वर्ल्ड रिकॉर्ड घोषित किया गया। जो 80 परसेन्ट से ज्यादा दिव्यांग हैं, जो चल ही नहीं सकते, वे खड़े नहीं हो सकते हैं, चलना तो दूर की बात है, उनको मोटर से चलने वाली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने का निर्णय किया। उस निर्णय के आधार पर हमने अभी तक तीन हजार से ज्यादा दिव्यांगों को वह सुविधा उपलब्ध कराई है। केवल सुविधा ही उपलब्ध कराई, इतना ही नहीं, हमने उससे आगे बढ़कर यह निर्णय लिया है और उस पर अमल भी किया है। हमारे यहाँ दिव्यांग वित्त विकास निगम है। उसकी तरह से हम उनको कौशल प्रशिक्षण देते हैं। कौशल प्रशिक्षण के बाद स्वावलम्बी बनाने के लिए धनराशि भी देते हैं। चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराते हैं। जो लोग खड़े नहीं हो सकते थे, वे आज चलने लगे हैं, कमाने लगे हैं। जो अपने परिवार के ऊपर डिपेन्ड थे, आजकल वे परिवार वालों की भी सेवा करने लगे हैं। जो लोग सुनते नहीं हैं, जो बोलते नहीं हैं, उनको काक्लीअर यन्त्र की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके लिए 6 लाख रूपए प्रति व्यक्ति अनुदान देते हैं। अभी तक 471 बच्चों को यह सुविधा उपलब्ध कराई है। खुशी की बात है कि वे सब सुन रहे हैं, बोल भी रहे हैं और प्रधान मंत्री जी से उन्होंने मन की बात भी की थी।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी की अच्छी बात को आगे बढ़ा रहे हैं। आप चिन्ता मत कीजिए।

**श्री थावर चंद गहलोत :** अगर मैं सभी माननीय सदस्यों के सुझावों पर चर्चा करूँगा तो समय ज्यादा लगेगा।

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात कहिए।

**श्री थावर चंद गहलोत :** मैं सदन की भावनाओं को ध्यान में रखकर यह आश्वस्त करता हूँ कि हमने इन दो सालों में इस विभाग को जीवन्त बनाया है, सक्रिय बनाया है, कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदारी से इसकी पहचान

बनाई है। इस बिल को पास करने के बाद हम और ज्यादा सक्रिय होकर तेज गति से दिव्यांगों के हित का काम करेंगे, उनका सशक्तीकरण करेंगे। मैं अनुरोध करता हूँ कि इस विधेयक को पारित किया जाये।

HON. SPEAKER: The question is:

> "That the Bill to give effect to the United Nations Convention on the Rights of Persons with Disabilities and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

HON. SPEAKER: The House will now take up clause by clause consideration of the Bill.

**Clause 2 Definitions**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving amendment No. 13?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I beg to move:

> " Page 3, line 22,-
>
> *after* "the Constitution"
>
> *insert* "and constituted under article 243Q and 243B of the Constitution". (13)

Madam, my amendment is relating to the Constitutional provision of article 243Q and 243B of the Constitution. It is regarding the Panchayat Raj institutions and also the Nagar Palika institutions and it is a very positive suggestion from my side. Madam, you may kindly accept my Amendment No. 13.

HON. SPEAKER: I may now put amendment No. 13 moved to clause 2 by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 2 was added to the Bill.*

*Clauses 3 to 6 were added to the Bill.*

**Clause 7 Protection from abuse, violence and exploittion**

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : I beg to move:

" Page 6, line 13,-

*for* "Judicial or Metropolitan Magistrate"
*substitute* "police or such authorities"." (14)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No. 14 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 7 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 7 was added to the Bill.*

*Clauses 8 to 11 were added to the Bill.*

**Clause 12 Access to Justice**

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : I beg to move:

"Page 6, line 44,-

*after* "commission"
*insert* ",executive magistrate"." (15)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No.15 to clause 12 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 12 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 12 was added to the Bill.*

**Clause 13 Legal Capacity**

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, I beg to move:

"Page 7, line 33—

*after* "undue influence"

*insert* ",coercion, cruelty or fraud"." (16)

Madam, undue influence is there along with coercion, cruelty and fraud. It is equivalent to all these definitions.

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No. 16 to clause 13 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 13 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 13 was added to the Bill.*

**Clause 14 Provision for Guardianship**

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, I beg to move:

"Page 7, line 41,-

*omit* "or the designated authority, as the case may be,"" (17)

"Page 7, lines 44 and 45,-

*omit* "or the designated authority, as the case may be,"" (18)

"Page 8, line 4,-

*for* "designated authority"

*substitute* "district court"." (19)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment Nos. 17 to 19 to clause 14 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendments were put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 14 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 14 was added to the Bill.*

*Clause 15 was added to the Bill.*

**Clause 16 Duty of Educational Institutions**

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, I beg to move:

"Page 8, line 16,--

*after* "recognised by them"

*insert* "including private and unaided educational institutions"." (1)

Madam, there are a lot of unaided institutions in the country. This is an important amendment. So, the Government should accept this amendment.

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No. 1 to clause 16 moved by Shri K.C. Venugopal to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 16 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 16 was added to the Bill.*

*Clauses 17 and 18 were added to the Bill.*

**Clause 19 Vocational training and Self employment**

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, I beg to move:

"Page 9, line 24,-

*after* "provision of"

*insert* "financial assistance, grant, subsidy and"." (20)

"Page 9, line 34,-

*after* "concessional rate"

*insert* ",financial assistance, grant, subsidy"." (21)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment Nos. 20 and 21 to clause 19 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendments were put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 19 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 19 was added to the Bill.*

*Clauses 20 to 23 were added to the Bill.*

**Clause 24 Social Security**

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, I beg to move:

"Page 10, lines 35 and 36,--

*omit* "within the limit of its economic capacity and development"" (2)

"Page 10, line 40,--

*for* "twenty-five per cent."
*insert* "thirty per cent."." (3)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment Nos. 2 and 3 to clause 24 moved by Shri K.C. Venugopal to the vote of the House.

*The amendments were put and negatived.*

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, I beg to move:

"Page 11, line 3,-

*after* "access to"

*insert* "food, home,"." (22)

Madam, access to safe drinking water is there. My point is, along with access to safe drinking water, food and home should also be ensured by the Government. It is a harmless amendment. This may be accepted.

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No. 22 to clause 24 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 24 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 24 was added to the Bill.*

*Clauses 25 to 29 were added to the Bill.*

**Clause 30 Sporting activities**

SHRI K.C. VENUGOPAL : Madam, I beg to move:

"Page 12, *after* line 49,--

*insert* "(g) provide extra points to the winners of the disability specific sporting events and reservation for them in government jobs."." (4)

Madam, the amendment aims to promote sports activities of disabled persons. Here, I am asking the Government for reservation in government jobs for those who win in sports events for disabled persons. This may be accepted.

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No. 4 to clause 30 moved by Shri K.C. Venugopal to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 30 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 30 was added to the Bill.*

*Clause 31 was added to the Bill.*

**Clause 32 Reservation in higher educational institutions**

SHRI K.C. VENUGOPAL : Madam, I beg to move:

"Page 13, line 11,--

*after* "institutions"

*insert* "including private and unaided institutions"." (5)

HON. SPEAKER: I shall now put amendment No. 5 to clause 32 moved by Shri K.C. Venugopal to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 32 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 32 was added to the Bill.*

*Clause 33 was added to the Bill.*

**Clause 34 Reservation**

HON. SPEAKER: Shrimati Kavitha Kalvakuntla, are you moving your amendment No. 6?

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA (NIZAMABAD): Yes, Madam.

I beg to move:

"Page 13, line 24,--

*for* "four per cent."

*substitute* "five per cent."." (6)

SHRI K.C. VENUGOPAL : Madam, I am also moving it… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आप नहीं, उन्होंने कर दिया।

SHRI K.C. VENUGOPAL : Madam, just a minute.

**माननीय अध्यक्ष :** आपने तो बोल दिया, आपका भाषण भी अच्छा हो गया।

SHRI K.C. VENUGOPAL:This is the most important amendment. When the then Minister, Mr. Mallikarjun Kharge-ji introduced that Bill, at that time, percentage of reservation was five. But now, the Government in this Bill has reduced it to four per cent. Actually, when a greater number of disabilities is being brought under the purview of the Act, how can it be reduced?… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Okay.

I shall now put amendment No. 6 moved by Shrimati Kavitha Kalvakuntla to the vote of the House.

SHRI K.C. VENUGOPAL: Madam, we want Division.

HON. SPEAKER: Let the Lobbies be cleared--

I think, the Lobbies have been cleared.

Now, Secretary-General to announce the procedure of electronic vote recording. Everybody knows it but still he has to announce.

SECRETARY-GENERAL: Madam, there is only one announcement. Hon. Members, who have not been allotted Division Numbers so far, will be supplied at their seats with Ayes/Noes printed slip for recording their votes. On the slips, they

may kindly record the votes of their choice by signing and writing legibly their names, identity card numbers given to them temporary/permanent identify cards supplied to the Members, Constituency and State/Union Territories and the date at the place specified on the slip. Members who decide to record abstention, may ask for the abstention slip.

HON. SPEAKER: The question is:

"Page 13, line 24,-

*for* "four per cent."

*substitute* "two per cent.". "

*The Lok Sabha divided:*

**DIVISION** **AYES** **13.53 hours**

Antony, Shri Anto

Bandyopadhyay, Shri Sudip

Bhuria, Shri Kanti Lal

Bose, Prof. Sugata

Chaudhary, Shri Santokh Singh

Chowdhury, Shri Adhir Ranjan

De(Nag), Dr. Ratna

Dev, Kumari Sushmita

Engti, Shri Biren Singh

Gandhi, Shrimati Sonia

Ghosh, Shrimati Arpita

Gogoi, Shri Gaurav

Gowda, Shri S.P. Muddahanume

Hooda, Shri Deepender Singh

Kalvakuntla, Shrimati Kavitha

Khan, Shri Md. Badaruddoza

Kharge, Shri Mallikarjun

Kumar, Shri Kaushalendra

Kumar, Shri Santosh

Kumar, Shri Shailesh

Meinya, Dr. Thokchom

Moily, Shri M. Veerappa

Mondal, Shrimati Pratima

Mukherjee, Shri Abhijit

Muniyappa, Shri K.H.

Nagesh, Shri Godam

Pala, Shri Vincent H.

Pandey, Shri Ravindra Kumar

Patasani, Shri Prasanna Kumar

Poddar, Shrimati Aparupa

Premachandran, Shri N.K.

Ranjan, Shrimati Ranjeet

Rathwa, Shri Ramsinh

Roy, Prof. Saugata

Samal, Dr. Kulmani

Satpathy, Shri Tathagata

Singh, Shri Ravneet

Trivedi, Shri Dinesh

Varma, Shrimati Dev

Venugopal, Shri K. C.

Yadav, Shri Mulayam Singh

Yadav, Shri Tej Pratap Singh

Yellaiah, Shri Nandi

**NOES**

Advani, Shri L.K.

Agrawal, Shri Rajendra

Ahlawat, Shrimati Santosh

Ahluwalia, Shri S.S.

Amarappa , Shri Karadi Sanganna

Ananthkumar, Shri

Azad, Shri Kirti

Babu, Dr. Ravindra

Bais, Shri Ramesh

Bala, Shrimati Anju

Bhabhor, Shri Jasvantsinh Sumanbhai

Bhagat, Shri Sudarshan

Bhatt, Shrimati Ranjanben

Chakravarty, Shrimati Bijoya

Chandel, Kunwar Pushpendra Singh

Chaudhary, Shri C. R.

Chaudhary, Shri P.P.

Chaudhary, Shri Ram Tahal

Chhewang, Shri Thupstan

Choubey, Shri Ashwini Kumar

Danve, Shri Raosaheb Patil

Dattatreya, Shri Bandaru

Devi, Shrimati Rama

Devi, Shrimati Veena

Dhurve, Shrimati Jyoti

Dohre, Shri Ashok Kumar

Dubey, Shri Nishikant

Dwivedi, Shri Harishchandra alias Harish

Gaikwad, Dr. Sunil Baliram

Geete, Shri Anant Gangaram

Geetha, Shrimati Kothapalli

Gurjar, Shri Krishanpal

Jaunapuria, Shri Sukhbir Singh

Jigajinagi, Shri Ramesh

Joshi, Shri Chandra Prakash

Joshi, Shri Pralhad

Kachhadia, Shri Naranbhai

Kashyap, Shri Virender

Kataria, Shri Rattan Lal

Khuba, Shri Bhagwanth

Kinjarapu, Shri Ram Mohan Naidu

Kishore, Shri Jugal

Koli, Shri Bahadur Singh

Koshyari, Shri Bhagat Singh

Kumar, Dr. Arun

Kumar, Dr. Virendra

Kumar, Shri Ashwini

Kushawaha, Shri Ravinder

Kushwaha, Shri Upendra

Manjhi, Shri Hari

Meghwal, Shri Arjun Ram

Mishra, Shri Janardan

Modi, Shri Narendra

Mohan, Shri M. Murli

Munda, Shri Karia

Munde, Dr. Pritam Gopinath

Nagar, Shri Rodmal

Narasimham, Shri Thota

Nishad, Shri Ajay

Nishad, Shri Ram Charitra

Nishank, Dr. Ramesh Pokhriyal

Paatle, Shrimati Kamla

Pandey, Dr. Mahendra Nath

Paswan, Shri Chirag

Paswan, Shri Ram Chandra

Paswan, Shri Ramvilas

Patel, Dr. K. C.

Patel, Shri Prahlad Singh

Patel, Shrimati Jayshreeben

Pathak, Shrimati Riti

Patil, Shri Sanjay Kaka

Phule, Sadhvi Savitri Bai

Radhakrishnan, Shri Pon

Raju, Shri Ashok Gajapathi

Ram, Shri Janak

Ram, Shri Vishnu Dayal

Rathore, Shri Hariom Singh

Ray, Shri Ravindra Kumar

Rijiju, Shri Kiren

Sahu, Shri Lakhan Lal

Saini, Shri Rajkumar

Sanjar, Shri Alok

Sarmah, Shri Ram Prasad

Sarswati, Shri Sumedhanand

Sawant, Shri Arvind

Shekhawat, Shri Gajendra Singh

Shetty, Shri Gopal

Shewale, Shri Rahul

Shinde, Dr. Shrikant Eknath

Shyal, Dr. Bhartiben D.

Siddeshwara, Shri G. M.

Sigriwal, Shri Janardan Singh

Simha, Shri Pratap

Singh, Dr. Jitendra

Singh, Dr. Yashwant

Singh, Kunwar Bharatendra

Singh, Shri Ganesh

Singh, Shri Nagendra

Singh, Shri Pashupati Nath

Singh, Shri R. K.

Singh, Shri Radha Mohan

Singh, Shri Rajnath

Singh, Shri Sunil Kumar

Singh, Shri Sushil Kumar

Singh, Shri Uday Pratap

Solanki, Dr. Kirit P.

Sonkar, Shri Vinod Kumar

Sonker, Shrimati Neelam

Supriyo, Shri Babul

Tamta, Shri Ajay

Tanwar, Shri Kanwar Singh

Teli, Shri Rameshwar

Teni, Shri Ajay Misra

Thakur, Shrimati Savitri

Udasi, Shri Shivkumar

Usendi, Shri Vikram

Vardhan, Dr. Harsh

Verma, Shri Bhanu Pratap Singh

Verma, Shri Parvesh Sahib Singh

Verma, Shri Rajesh

Verma, Shrimati Rekha

**ABSTAIN**

Gaikwad, Prof. Ravindra Vishwanath

HON. SPEAKER: Subject to correction, the result of the Division is:

Ayes: 43

Noes: 121

Abstain: 001

*The motion was negatived.*

HON. SPEAKER: Shri K.C. Venugopal, are you moving your Amendment No. 7 to Clause 34?

SHRI K.C. VENUGOPAL : I beg to move:

"Page 13, line 27,-

*for* "one per cent,"

*substitute* "two per cent."." (7)

HON. SPEAKER: I shall now put Amendment No.7 to Clause 34 moved by Shri K.C. Venugopal to the vote of the House.

*The motion was put and negatived*

**14.00 hours**

HON. SPEAKER: The question is:

"That Clause 34 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 34 was added to the Bill.*

**Clause 35 Incentives to employers in private sector**

HON. SPEAKER: Shri K.C. Venugopal, are you moving your Amendment No. 8 to Clause 35?

SHRI K.C. VENUGOPAL : I beg to move:

"Page 14, lines 6 and 7,-

*omit "*, within the limit of their economic capacity and development,". (8)

HON. SPEAKER: I shall now put Amendment No.8 to Clause 35 moved by Shri K.C. Venugopal to the vote of the House.

*The motion was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That Clause 35 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 35 was added to the Bill.*

*Clause 36 was added to the Bill.*

**Clause 37 Special schemes and development programmes**

HON. SPEAKER: Venugopal *ji*, are you moving Amendment No.9 to clause 37?

SHRI K.C. VENUGOPAL : Yes, Madam.

I beg to move:

"Page 14, *after* line 25, –

*insert* "(d) special wards in each central, state and private medical college for persons with disabilities.". (9)

HON. SPEAKER: I shall now put Amendment No. 9 to clause 37 moved by Shri K.C. Venugopal, to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 37 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 37 was added to the Bill.*

*Clauses 38 to 40 were added to the Bill.*

**Clause 41 Access to transport**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving Amendment No. 24 to clause 41?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Yes, Madam.

I beg to move:

"Page 15, lines 16 and 17,-

*for* "railway stations and airports"

*substitute* "railway stations, airports and such other public places". (24)

HON. SPEAKER: I shall now put Amendment No.24 to clause 41 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 41 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 41 was added to the Bill.*

*Clause 42 was added to the Bill.*

**Clause 43 Consumer Goods**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving your Amendment No. 25 to clause 43?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Yes, Madam.

I beg to move:

"Page 15, line 38,-

*after* "persons with disabilities"

*insert* "and ensure their availability at concessional rate". (25)

HON. SPEAKER: I shall now put Amendment No.25 to clause 43 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 43 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 43 was added to the Bill.*

*Clauses 44 to 51 were added to the Bill.*

**Clause 52 Revocation of registration**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving your Amendment Nos. 26 and 27 to clause 52?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : No, Madam, I am not moving it.

HON. SPEAKER: Thank you.

The question is:

"That clause 52 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 52 was added to the Bill.*

*Clauses 53 to 59 were added to the Bill.*

**Clause 60 Constitution of Central Advisory Board on Disability**

HON. SPEAKER: Venugopal ji, are you moving Amendment No.10 to clause 60?

SHRI K.C. VENUGOPAL : No, Madam, I am not moving it.

HON. SPEAKER: Thank you.

The question is:

"That clause 60 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 60 was added to the Bill.*

*Clauses 61 to 64 were added to the Bill.*

**Clause 65 Functions of Central Advisory Board on Disability**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving your Amendment No. 28 to clause 65?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : No, Madam, I am not moving it.

HON. SPEAKER: Thank you.

The question is:

"That clause 65 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 65 was added to the Bill.*

**Clause 66 State Advisory Board on Disability**

HON. SPEAKER: Venugopal ji, are you moving Amendment No.11 to clause 66?

SHRI K.C. VENUGOPAL : No, Madam, I am not moving it.

HON. SPEAKER: Thank you.

The question is:

"That clause 66 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 66 was added to the Bill.*

*Clauses 67 to 70 were added to the Bill.*

**Clause 71 Functions of State Advisory Board on Disability**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving your Amendment No. 29 to clause 71?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : No, Madam, I am not moving it.

HON. SPEAKER: Thank you.

The question is:

"That clause 71 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 71 was added to the Bill.*

*Clause 72 was added to the Bill.*

**Clause 73 Vacancies not to invalidate proceedings**

HON. SPEAKER: Venugopal *ji*, are you moving Amendment No.12 to clause 73?

SHRI K.C. VENUGOPAL: No, Madam, I am not moving it.

HON. SPEAKER: Thank you.

The question is:

"That clause 73 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 73 was added to the Bill.*

*Clauses 74 to 77 were added to the Bill.*

**Clause 78 Annual and Special reports by Chief Commissioner**

HON. SPEAKER: Shri N.K. Premachandran, are you moving your Amendment Nos. 30 and 31 to clause 78?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam, I am not moving Amendment No. 31; I am moving amendment No. 30 only.

I beg to move:

"Page 25, line 13,-

*after* "Central Government"

*insert* "on or before 25th of April every year". (30)

HON. SPEAKER: I shall now put Amendment No.30 to clause 78 moved by Shri N.K. Premachandran to the vote of the House.

*The amendment was put and negatived.*

HON. SPEAKER: The question is:

"That clause 78 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 78 was added to the Bill.*

*Clauses 79 to 102 were added to the Bill.*

*The Schedule was added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula, Preamble and the Long Title were added to the Bill*

**श्री थावर चंद गहलोत :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं,

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

HON. SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill be passed."

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Madam, I want to say something.

**माननीय अध्यक्ष :** प्रेमचन्द्रन जी, अब क्या हो गया?

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Madam, it is a landmark legislation in the history of Parliament legislative mechanism in India. I fully support the Bill and it will definitely comply with the provisions of the UN Convention.

**माननीय अध्यक्ष :** अब सब मिलकर जोर से आई बोलें।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Madam, I have only one suggestion. At the time of implementation, some monitoring mechanism should be there because almost all the provisions in the Bill are important. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

HON. SPEAKER: Now, the Lobbies may be opened.

---

## 14.11 hours

## VALEDICTORY REFERENCE

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, सोलहवीं लोकसभा का आज दसवां सत्र जो 16 नवंबर, 2016 को आरंभ हुआ था, अब समाप्त हो रहा है।

इस सत्र के दौरान सभा की 21 बैठकें हुईं जो लगभग 19 घंटे 26 मिनट चलीं।

इस सत्र में महत्वपूर्ण वित्तीय, विधायी और अन्य कार्य का निपटान किया गया। सभा में वर्ष 2016-17 के लिए सप्लीमेंटरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स (जनरल) और वर्ष 2013-14 के लिए डिमांड्स फॉर एक्सेस ग्रांट्स (जनरल) पर संयुक्त चर्चा हुई, तत्पश्चात मांगों पर मतदान हुआ तथा संबंधित एप्रोप्रिएशन बिल्स (विनियोग विधेयक) पारित हुए।

इस सत्र के दौरान नौ सरकारी विधेयक इंट्रोड्यूज किए गए, जबकि टैक्सेशन लॉज़ (सैकिण्ड अमेंडमेंट) बिल, 2016 तथा द पर्सन्स विद डिसएबिलिटी बिल, 2016 पारित किए गए।

सत्र के दौरान 449 स्टार्ड क्वैशचन्स को सूचीबद्ध किया गया, जिनमें से 49 प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। इस प्रकार, औसतन प्रतिदिन लगभग 2.3 प्रश्नों के उत्तर दिए गए। शेष स्टार्ड क्वैशचन्स के लिखित उत्तर 5060 अनस्टार्ड क्वैशचन्स के उत्तरों के साथ सभा पटल पर रखे गए।

प्रश्न काल के पश्चात् सदस्यों द्वारा अविलम्बनीय लोक महत्व के 124 मामले उठाए गए। माननीय सदस्यों ने नियम 377 के अंतर्गत भी 311 मामले उठाए।

स्थायी समितियों ने सभा में 50 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।

''डिमोनेटाइजेशन आफ करेंसी नोट्स'' विषय पर नियम 193 के अधीन अल्पकालिक चर्चा सूचीबद्ध की गई थी, तथापि, चर्चा आंशिक रूप से ही हो पाई।

मंत्रियों द्वारा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर 47 वक्तव्य दिए गए और माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सरकारी कार्य के बारे में चार वक्तव्य दिए गए।

सत्र के दौरान संबंधित मंत्रियों द्वारा 1772 पत्र सभा पटल पर रखे गए।

इस सत्र में, व्यवधानों के पश्चात् बाध्य होकर सभा स्थगित किए जाने के कारण 91 घंटे 59 मिनट का समय नष्ट हुआ, जो हम सभी और विशेषतः मेरे लिए भी अच्छी बात नहीं है और इससे जनता में हमारी छवि धूमिल होती है।

मुझे आशा है कि आगामी सत्रों में कोई व्यवधान नहीं होगा और हम सभी बेहतर ढंग से कार्य करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप सार्थक चर्चाएं एवं सकारात्मक विचार-विमर्श होंगे। मुझे सभा के सभी नेताओं और सदस्यों से समर्थन मिलने का विश्वास है।

मैं माननीय उपाध्यक्ष और सभापति तालिका (पैनल ऑफ चेयरमैन) में शामिल अपने सहयोगियों का सभा के संचालन में अपना सहयोग देने के लिए धन्यवाद करती हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री, विभिन्न दलों और समूहों के नेताओं, मुख्य सचेतकों तथा माननीय सदस्यों के प्रति, जो कुछ भी सहयोग उन्होंने दिया है, कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के अपने मित्रों का भी धन्यवाद करना चाहूंगी। मैं इस अवसर पर महासचिव और लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके द्वारा सभा को दी गई समर्पित और तत्काल सेवा के लिए धन्यवाद देती हूं। मैं सभी संबद्ध एजेंसियों को सभा की कार्यवाही के संचालन में प्रदान की गई उनकी सहायता के लिए भी धन्यवाद देती हूं।

मैं आने वाली क्रिसमस और नये साल के अवसर पर आप सभी को तथा आपके परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देती हूं। मैं आशा करती हूं कि आगामी नव वर्ष हमारे जीवन में नई आशा और नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा हम यह सार्थक रूप से संकल्प लें कि नव वर्ष में हम यह सुविचारित निर्णय लेंगे कि हम सभी उपलब्ध संसदीय माध्यमों का प्रयोग करते हुए अपने मतभेद, असहमति, यदि कोई हो, तो पुरजोर ढंग से दर्ज कराएंगे एवं यह सुनिश्चित करने का भी प्रयास करेंगे कि सभा में कम से कम व्यवधान तथा अधिक से अधिक संवाद और चर्चाएं हों।

---

**14.16 hours**

## NATIONAL SONG

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, कृपया अपने स्थान पर खड़े हो जाएं, क्योंकि अब ''वन्दे मातरम्'' की धुन बजाई जाएगी।

*(The National Song was played.)*

HON. SPEAKER: The House stands adjourned *sine die.*

**14.17 hours**

*The Lok Sabha then adjourned sine die.*